# भारतीय स्टेट बैंक


केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कारपोरेट केन्द्र, मुंबई

(फोन: 022-2282 0427; फैक्स: 022-2282 0411; ई-मेल: crpd@sbi.co.in)


विज्ञापन संख्या सीआरपीडी/पीओ/2015-16/02

# भारतीय स्टेट बैंक में प्रोबेशनरी अधिकारियों की भर्ती

## ऑन-लाइन आवेदन पंजीकरण :13.04.2015 से 02.05.2015
## ऑन-लाइन शुल्क (फीस) जमा करने की तिथि :13.04.2015 से 02.05.2015

**प्रारंभिक परीक्षा अनन्तिम रूप से जून 2015 में आयोजित होगी. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे संपूर्ण विवरण और अद्यतन जानकारी के लिए बैंक की वेबसाइट www.statebankofindia.com या www.sbi.co.in को नियमित रूप से देखें. परीक्षा बिन्दु क्र.4 चयन प्रक्रिया में दिए गए विवरणों के अनुसार होगा.**

भारतीय स्टेट बैंक में **प्रोबेशनरी अधिकारियों (पीओ)** के रूप में नियुक्ति हेतु पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते हैं. चयनित उम्मीदवारों को भारत में कहीं पर भी पदस्थ किया जा सकता है.

**रिक्त-पद :**

| रिक्त-पद | | | | | रिक्त-पद (पीडब्ल्यूडी) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अजा | अजजा | अपिव | सामान्य | कुल | अस्थि विकलांग | दृष्टि विकलांग | कुल |
| 308 | 339 | 541 | 812 | 2000 | 38 | 24 | 62 |

उपर्युक्त उल्लिखित कुल रिक्त-पदों में निचे दिये गए पिछले बकाया रिक्त-पद शामिल हैं

| अजा | अजजा | अपिव | कुल | अस्थि विकलांग | दृष्टि विकलांग |
|---|---|---|---|---|---|
| 67 | 219 | 107 | 393 | 14 | – |

***अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी) के लिए आरक्षित रिक्त-पद 'नॉन क्रीमी लेयर' से संबंधित ओबीसी उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध हैं. 'क्रीमी लेयर' वाले ओबीसी उम्मीदवार अपनी श्रेणी को 'सामान्य' श्रेणी के रूप में दर्शाएं.**

दृष्टि विकलांग और अस्थि विकलांग श्रेणी के उम्मीदवारों से संबंधित रिक्त-पदों को समस्तर पर आरक्षित किया गया है. आरक्षण सहित सभी रिक्त-पद अनंतिम हैं तथा इनमें बैंक की आवश्यकताओं के अनुसार परिवर्तन किया जा सकता है.

**1. पात्रता मानदण्ड :**

**क) अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता : (01.09.2015 को)**

मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी वर्ग में स्नातक या केन्द्र सरकार से मान्यताप्राप्त समकक्ष शैक्षणिक योग्यता. जो उम्मीदवार अपनी स्नातक परीक्षा के अंतिम वर्ष/ सिमेस्टर में है, वे भी अनंतिम रूप से इस शर्त के अध्यधीन आवेदन कर सकते है कि यदि उन्हें साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, तो उन्हें दिनांक 01.09.2015 को या उससे पूर्व स्नातक परीक्षा पास करने का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा. समन्वित दोहरी डिगरी (आईडीडी) प्रमाणपत्र वाले उम्मीदवार यह सुनिश्चित करेंगे कि आईडीडी की पासिंग (उत्तीर्ण) तिथि 01.09.2015 को या उससे पूर्व की तिथि है.

**टिप्पणी :** पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने की तिथि विश्वविद्यालय/ संस्थान द्वारा जारी अनंतिम प्रमाणपत्र या अंक-तालिका पर दी हुई तिथि होगी. यदि किसी परीक्षा विशेष के परिणाम विश्वविद्यालय/ संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध कराए जाते हैं, तो जिस तिथि को परिणाम वेबसाइट पर उपलब्ध कराए जाते हैं, वही तिथि उत्तीर्ण तिथि के रूप में स्वीकार की जाएगी. **परीक्षा की दिनांक पर ध्यान न देते हुए दि. 01.09.2015 परीक्षा उत्तीर्ण होने का प्रमाण यदि प्रस्तुत नही किया जाता है तो उम्मीदवार अपात्र होगा.**

**ख) आयु सीमा : (01.04.2015 को)**

दिनांक 01.04.2015 को उम्मीदवार की आयु 21 वर्ष से कम और 30 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए. अर्थात उम्मीदवार का जन्म दिनांक 02.04.1985 से पहले और 01.04.1994 के पश्चात नहीं होना चाहिए. (दोनों दिन समाविष्ट)

**ऊपरी आयु सीमा में छूट :**

| अ.क्र. | श्रेणी | आयु में छूट |
|---|---|---|
| 1 | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति | 5 वर्ष |
| 2 | अन्य पिछड़े वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) | 3 वर्ष |
| 3 | शारीरिक रुप से अशक्त व्यक्ति (पीडब्ल्यूडी) | पीडब्ल्यूडी (अजा/अजजा) 15 वर्ष<br>पीडब्ल्यूडी (अपिव) 13 वर्ष<br>पीडब्ल्यूडी (सामान्य) 10 वर्ष |
| 4 | आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों (ईसीओ)/ अल्पावधि सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों (एसएससीओ) सहित भूतपूर्व सैनिक बशर्ते आवेदनकर्ता ने सैन्य सेवा में लगातार कम से कम 5 वर्ष सेवा की हो और जो निर्दिष्ट कार्यकाल पूरा होने पर सेवामुक्त किए गए हैं (इनमें वे भी शामिल हैं जिनका कार्यकाल आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि से एक वर्ष में पूरा होने वाला हैं) किंतु उनमें वे भूतपूर्व सैनिक शामिल नही है जिन्हें कदाचार या अकुशलता या शारीरिक अक्षमता के कारण सेवामुक्त किया गया है अथवा जो सैन्य सेवा से संबंधित अपंगता या अशक्तता के कारण से सेवामुक्त कर दिए गए हों. | 5 वर्ष |
| 5. | वे उम्मीदवार जो 1 जनवरी, 1980 और 31 दिसम्बर 1989 के बीच की अवधि में सामान्यतः जम्मू और कश्मीर राज्य के अधिवासी रहे थे. | 5 वर्ष |

**टिप्पणी : आयु सीमा संबंधी छूट उपर्युक्त मदों या विभिन्न मदों के अंतर्गत दर्शायी गई अन्य आयु सीमा की छूटों को मिलाकर नहीं दी जाएगी.**

**2. विकलांग व्यक्तियों के लिए आरक्षण (पीडब्ल्यूडी) :**

शारीरिक रूप से अस्थि विकलांग (ओएच) और दृष्टी विकलांग (वीएच) व्यक्तियों के लिए रिक्त-पदों का आरक्षण निःशक्त व्यक्ति (समान अवसर, अधिकार संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 के अनुसार है. निम्नलिखित निःशक्त श्रेणीवाले व्यक्ति आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के पात्र होंगे.

| निःशक्तता वाले व्यक्तियों की श्रेणियां | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ओए | ओएल | ओएएल | बीएल | बी | एलवी |

ओए-एक भुजा, ओएल-एक पैर, ओएएल-एक भुजा और एक पैर, बीएल-दोनों पैर, बी-नेत्रहीन, एलवी-कम दृष्टि

क) ओए और ओएएल श्रेणी वाले व्यक्तियों का एक हाथ सामान्य रूप से कार्य करने वाला होना चाहीए.

ख) नेत्रहीनता का आशय यह है कि जहाँ एक व्यक्ति निम्नलिखित में से किसी एक से पीडित हो

i) बिलकुल भी दिखाई नहीं देना; या

ii) दृष्टि तीक्ष्णता 6/ 60 से अधिक न हो या सही लैंसों के साथ अच्छी आँख में 20/ 200 (स्नेलेन) से अधिक न हो

iii) दृष्टि के क्षेत्र की परिसीमा 20 डिग्री के कोण में कक्षान्तरित हो या उससे खराब स्थिती में हो.

ग) "कम दृष्टि वाले व्यक्ति" से अभिप्राय ऐसे दृष्टि बाधित व्यक्ति से है जो इलाज या मानक रिफ्रेक्टिव करेक्शन के बाद भी दृष्टि बाधित है परंतु जो कार्य या आयोजन के लिए उचित सहायक डिवाइस काम में लेता है या उससे संभाव्य दृष्टि क्षमता रखता है.

घ) केवल ऐसे व्यक्ति ही आरक्षण के लिए पात्र होंगे जो संबंधित निःशक्तता के 40% या उससे अधिक पीड़ित हो. आरक्षण का लाभ उठाने वाले ऐसे व्यक्तियों को सामाजिक न्याय एवं अधिकार मंत्रालय की अधिसूचना क्र. जी.एस.आर. 2(ई), दिनांक 30.12.2009 के अनुसार निःशक्तता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा.

**लेखक का उपयोग और प्रतिपूरक समय :**

i) यदि उम्मीदवार चाहते हैं, तो लेखक (Scribe/Reader) की सुविधा ऐसे किसी भी व्यक्ति के लिए अनुमत की जाएगी जो 40 प्रतिशत या उससे अधिक निःशक्त है (निःशक्तता वाले केवल उन्हीं उम्मीदवारों को जिनकी लिखने में कमजोर होने के साथ-साथ लिखने की गति भी प्रभावित है). ऐसे सभी उम्मीदवारों के लिए प्रतिपूरक समय (प्रति घंटा 20 मिनट) लागू होगा.

ii) कम दृष्टिवाले उम्मीदवारों को लिखने के समय प्रतिपूरक समय अनुमत किया जाएगा भले ही उन्होंने amanuenses/ scribe या स्वयं लेखन या मैग्निफाइर जैसी सहायक डिवाइस की सहायता का विकल्प अपनाया हो.

iii) लेखक (Scribe) का उपयोग करने की अनुमति भारत सरकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकार मंत्रालय, निःशक्तता कार्य विभाग, नई दिल्ली के कार्यालय ज्ञापन एफ नं.16-110 / 200-डीडी III दिनांक 26 फरवरी, 2013 के अनुसार लिपिक जारी दिशा-निर्देशों और भारत सरकार, वित्तीय सेवाएं विभाग, के पत्र क्र. एफ नं. 3/ 2/ 2013-वेल्फेयर दिनांक 26.04.2013 के द्वारा जारी स्पष्टीकरण के अनुसार दी जाएगी.

iv) जो उम्मीदवार उपर्युक्त संदर्भित दिशा-निर्देशों के अनुसार लेखक (Scribe) का उपयोग करने के लिए पात्र नहीं है और लिखित परीक्षा में लेखक (Scribe) का उपयोग करने वाले उम्मीदवार यह सुनिश्चित कर लें कि उपर्युक्त दिशा-निर्देशों के अनुसार लिपिक (Scribe) का उपयोग करने के लिए है. उपर्युक्त दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करके लेखक का उपयोग करता करने वाले उम्मीदवार को अयोग्य समझा जाएगा और यदि वह बैंक की सेवा में आ गया है, तो उसे बिना किसी सूचना के सेवा से हटाया जा सकता है.

**3. श्रेणी :**

ऑनलाइन आवेदन करते समय श्रेणी का नाम एवं श्रेणी कोड लिखने संबंधी निर्देश :

**उम्मीदवार जो अन्य पिछड़े वर्ग के हों लेकिन 'क्रीमी लेयर' के अंतर्गत आते हों उन्हें आरक्षण तथा आयु-सीमा में छूट का लाभ नहीं मिलेगा. ऐसे उम्मीदवार अपनी श्रेणी 'सामान्य' अथवा 'सामान्य अस्थि विकलांग' 'सामान्य दृष्टि विकलांग' (जो भी लागू हो) के रूप में दर्शाएं.**

विविध श्रेणी के नाम एवं उनके कोड नम्बर नीचे दिए गए हैं.

कृपया ध्यान रखें कि ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण करने के बाद श्रेणी में बदलाव नहीं किया जायेगा.

| श्रेणी | कोड | श्रेणी | कोड | श्रेणी | कोड | श्रेणी | कोड |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ.जा. | 01 | अ.ज.जा. | 04 | अ.पि.व. | 07 | सामान्य | 10 |
| अ.जा. (अस्थि विकलांग) | 02 | अ.ज.जा. (अस्थि विकलांग) | 05 | अ.पि.व. (अस्थि विकलांग) | 08 | सामान्य (अस्थि विकलांग) | 11 |
| अ.जा. (दृष्टि विकलांग) | 03 | अ.ज.जा. (दृष्टि विकलांग) | 06 | अ.पि.व. (दृष्टि विकलांग) | 09 | सामान्य (दृष्टि विकलांग) | 12 |

**4. चयन प्रक्रिया**

**चरण I - प्रारंभिक परीक्षा:** प्रारंभिक परीक्षा जिसमें ऑनलाइन वस्तुनिष्ठ परीक्षा 100 अंक की होगी. यह परीक्षा 1 घंटे की होगी और निम्नानुसार 3 खण्ड होंगे :

| अनु. | परीक्षा का नाम | प्रश्नों की संख्या | अंक | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अंग्रेजी भाषा | 30 | 30 | कुल समय 1 घंटा |
| 2. | मात्रात्मक योग्यता | 35 | 35 | |
| 3. | तर्कज्ञान क्षमता | 35 | 35 | |
| | कुल | 100 | 100 | |

बैंकद्वारा तय अंक प्राप्त कर उम्मीदवारों को तीनों परीक्षाओं में उत्तीर्ण होना आवश्यक है. बैंक द्वारा श्रेणी में पर्याप्त संख्या में (उपलब्ध रिक्त-पदों की संख्या के औसत 20 गुणा उम्मीदवार) को मुख्य परीक्षा के लिए लघुसूची में शामिल किया जायेगा.

**चरण II - मुख्य परीक्षा-** मुख्य परीक्षा में वस्तुनिष्ठ परीक्षा 200 अंकों की और वर्णनात्मक परीक्षा 50 अंकों की होगी. वस्तुनिष्ठ और वर्णनात्मक ये दोनों परीक्षा ऑनलाइन होगी. उम्मीदवारों का वस्तुनिष्ठ परीक्षा चरण के बाद तुरंत वर्णनात्मक परीक्षा के जवाब कम्प्यूटर पर टाइप करना होंगे. कारण कि, वर्णनात्मक परीक्षा वस्तुनिष्ठ परीक्षा के बाद तुरंत शुरू होगी.

**(I) वस्तुनिष्ठ परीक्षा:** वस्तुनिष्ठ परीक्षा 2 घंटों की होगी और उसमें निम्नानुसार 4 खण्ड होंगे प्रत्येक खण्ड 50 अंकों का होगा (200 अंक) :-

- क) अंग्रेजी भाषा की परीक्षा (व्याकरण, शब्दावली, परिज्ञान इत्यादि)
- ख) सामान्य जानकारी, विपणन एवं कंप्यूटर्स
- ग) डाटा विश्लेषण और प्रतिपादन
- घ) तर्क ज्ञान की परीक्षा (उच्च स्तर)

(अगले पृष्ठ पर जारी...)

(पिछले पृष्ठ से जारी...)

उम्मीदवारों को पासिंग अंक प्राप्त करके सभी परीक्षाओं में योग्यता प्राप्त करनी होगी, जिसे बैंक द्वारा निर्धारित किया जाएगा.

(ii) **वर्णनात्मक परीक्षा :** वर्णात्मक परीक्षा की अवधि 1 घंटा होगी (50 अंक) और उसमें अंग्रेजी भाषा (पत्राचार और निबंध) की परीक्षा होगी.

उम्मीदवारों को पासिंग अंक प्राप्त करके वर्णनात्मक परीक्षा में योग्यता प्राप्त करनी होगी, जिसे बैंक द्वारा निर्धारित किया जाएगा.

**केवल उन्हीं उम्मीदवारों के वर्णनात्मक प्रश्नपत्रों का मूल्यांकन किया जाएगा जिन्होंने वस्तुनिष्ठ परीक्षा में प्रत्येक प्रश्नपत्र में पात्रता अंक प्राप्त किए होंगे और वस्तुनिष्ठ परीक्षा में प्राप्त कुल अंकों का स्तर पर्याप्त होगा.**

**(ख) चरण III – समूह चर्चा (20 अंक) एवं साक्षात्कार (30 अंक)**

समूह चर्चा (20 अंक) और साक्षात्कार (30 अंक) लिखित एवं वर्णनात्मक परीक्षा की प्रत्येक श्रेणी के कुल अंकों को अवरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाएगा. बैंक के निर्णय अनुसार प्रत्येक श्रेणी में पर्याप्त अंक प्राप्त करनेवाले उम्मीदवारों को समूह चर्चा एवं साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा. समूह चर्चा और साक्षात्कार में पात्रता अंकों का निर्धारण बैंक द्वारा किया जाएगा.

**अन्य पिछड़े वर्गों की श्रेणी में जिन उम्मीदवारों ने समूह चर्चा और साक्षात्कार में पात्रता अंक प्राप्त किए हैं उन्हें 'नॉन क्रीमी लेयर' वाक्यांश वाला अपिव प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा. 'नॉन क्रीमी लेयर' वाक्यांश वाला अपिव का प्रमाणपत्र नहीं प्रस्तुत करने वाले उम्मीदवारों द्वारा सामान्य श्रेणी के अंतर्गत साक्षात्कार लेने संबंधी अनुरोध करने पर कोई विचार नहीं किया जाएगा.**

**अंतिम चयन**

प्रारंभिक परीक्षा में (चरण I) में प्राप्त अंकों को चयन में शामिल नहीं किया जाएगा और मुख्य परीक्षा (चरण II) में प्राप्त अंक समूह चर्चा और साक्षात्कार (चरण III) में मेरिट लिस्ट में शामिल किया जाएगा.

उम्मीदवारों को चरण II और चरण III दोनों में अलग-अलग योग्यता प्राप्त करनी होगी. उम्मीदवारों द्वारा लिखित परीक्षा में प्राप्त किए गए अंकों को (250 अंकों में से) 75 अंकों के अनुसार और समूह चर्चा एवं साक्षात्कार में प्राप्त किए गए अंकों को (50 अंकों में से) 25 अंकों के अनुसार रूपांतरित किया जाएगा. प्रत्येक श्रेणी के लिए 100 में से लिखित परीक्षा और समूह चर्चा एवं साक्षात्कार के रूपांतरित किए गए अंकों को मिलाने के बाद योग्यता सूची तैयार की जाएगी. प्रत्येक श्रेणी में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों में से चयन किया जाएगा.

चरण II एवं चरण III के लिए पात्र होनेवाले उम्मीदवारों के परिणाम और उसके बाद अंतिम चयनित उम्मीदवारों की सूची बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध करायी जाएगी. अंतिम चयन सूची को एम्प्लायमेंट न्यूज/रोजगार समाचार में प्रकाशित किया जाएगा.

5. **यह प्रारंभिक परीक्षा अनंतिम रूप से जून 2015 में होगी. परीक्षा केंद्रों की अनंतिम सूची बिंदु क्र.16 में दी गई है.**

जिस केंद्र पर उम्मीदवार परीक्षा देना पसंद करता है उस केंद्र का नाम और कोड नंबर चुने. किसी भी स्थिति में चुने गए परीक्षा केंद्र में बदलाव नहीं होगा. किसी भी केंद्र को समाविष्ट करने, निरस्त करने या परीक्षा की तिथि बदलने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित है.

6. **परिलब्धियाँ :**

कनिष्ठ प्रबंधन श्रेणी स्केल-I को लागू वेतनमान ₹ 14500-600/7-18700-700/2-20100-800/7-25700 के अनुसार प्रारम्भिक मूल वेतन ₹ 16,900/- (4 वेतनवृद्धि के साथ) है. अधिकारी समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार डीए, एचआरए और सीसीए के लिए भी पात्र होंगे. मुंबई में प्रति वर्ष प्रतिपूरक राशि लगभग ₹ 8,55,000/- है.

माहवार प्रतिपूरक की अलग-अलग राशि निम्नानुसार है :

| | |
|---|---|
| नकद राशि | : ₹ 36,046/- |
| भविष्यनिधि में बैंक का अंशदान | : ₹ 1,690/- |
| आवास (लीज/भाडा) | : ₹ 29,500/- |
| अनुलाभ (वाहनभत्ता, समाचार पत्र, मनोरंजन भत्ता, घर एवं फर्नीचर देखभाल | : ₹ 4,130/- |

इसके अतिरिक्त निम्नानुसार लाभों के लिए अधिकारी भी पात्र है –

i) स्वयं के लिए चिकित्सा लाभ (100%) और परिवार के लिए (75%)

ii) घर सफर के लिए रियायत/यात्रा किराया रियायत

iii) घर/कार/निजी/ऋण

वेतनमानों में नवंबर 2012 से संशोधन करने का कार्य विचाराधीन है.

**कैरियर में वृध्दि:**

प्रोबेशनरी अधिकारी दो वर्ष तक प्रोबेशन पर होंगे जिस समय उन्हे गहन प्रशिक्षण दिया जायगा. प्रोबेशन/प्रशिक्षण कार्यकाल के बाद बैंक द्वारा निश्चित पूर्व निर्धारित मानकों को प्राप्त करनेवाले अधिकारियों का स्थायीकरण किया जायेगा और उन्हें प्रोबेशन उच्च श्रेणी में, अर्थात मध्य प्रबंधन श्रेणी स्केल-2 में रखा जायेगा. अन्य अधिकारी जिन्होंने जांच परीक्षा उत्तीर्ण की पर मध्य प्रबंधन वेतनमान-2 के पूर्व निर्धारित मानकों को प्राप्त करने में असफल रहे हैं. उन्हें कनिष्ठ श्रेणी वेतनमान-1 अधिकारी के रूप में स्थायी किया जायेगा. इस प्रक्रिया में असफल उम्मीदवारों को सेवा से निकाल दिया जाएगा.

बैंक विदेश में पद-स्थापना (पोस्टिंग) करने सहित विकास के अनेक अवसर उपलब्ध कराता है. बैंक की आकर्षक पदोन्नति नीति प्रतिभावान और विशेष रूप से ब्रिलियंट अधिकारियों को बहुत कम समय में शीर्ष प्रबंधन श्रेणी तक पहुँचने का अवसर प्रदान करती है.

7. **आवेदन शुल्क और सूचना प्रभार : (वापस न करने योग्य)**

| क्रमांक | श्रेणी | कुल |
|---|---|---|
| 1 | अजा/अजजा/पीडब्ल्यूडी | रु. 100/- (सूचना प्रभार मात्र) |
| 2 | सामान्य और अन्य | रु. 600/- (आवेदन शुल्क और सूचना प्रभार) |

शुल्क/सूचना प्रभार भुगतान करने पर न तो उसे वापस किया जाएगा और न ही उस राशि को अन्य किसी परीक्षा या अन्य चयन के लिए रोककर रखा जाएगा.

8. भारतीय स्टेट बैंक द्वारा अ.जा./अ.ज.जा./धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय के उम्मीदवारों के लिए भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार निम्न केंद्रों पर परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण की व्यवस्था की जा सकती है, वे उम्मीदवार जो उपर्युक्त श्रेणियों से संबंधित हैं और अपने खर्च पर इस प्रशिक्षण के इच्छुक हैं, वे ऑन-लाइन आवेदन करते समय संबंधित कालम में सूचित करें.

निम्न प्रशिक्षण केंद्रों की सूची निर्देशात्मक है. अतिरिक्त केंद्रों पर प्रशिक्षण कराने का या सूची में समाविष्ट कुछ केंद्रों को हटाने का निर्णय संबंधित बैंक के विवेकाधीन है.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अगरतला | आगरा | अहमदाबाद | आइजवाल | अकोला | इलाहाबाद |
| आसनसोल | औरंगाबाद | बरेली | भुवनेश्वर | ब्रह्मपुर (गंजम) | भोपाल |
| बेंगलुरू | चंडीगढ़ | चेन्नइ | कोयम्बतुर | देहरादून | डिब्रूगढ़ |
| एर्नाकुलम | गंगटोक | गोरखपूर | गुलबर्गा | गुवाहटी | हुबली |
| हैदराबाद | इम्फाल | इंदौर | इटानगर | जबलपूर | जयपुर |
| कानपुर | कोहीमा | कोलकता | लखनऊ | मदुराई | मेरठ |
| मुंबई | मैसूर | नागपुर | नई दिल्ली | पणजी (गोवा) | पटना |
| पोर्ट ब्लेयर | पुर्णिया | पुणे | रायपुर | रांची | संबलपुर |
| सिलचर | सिलीगुडी | शिलांग | श्रीनगर | तिरुपति | वडोदरा |
| वाराणसी | विशाखापट्नम | विजयवाडा | | | |

बैंक प्रशिक्षण हेतु दर्शाए गए केन्द्रों में कुछ केन्द्र जोड सकता है या उनमे से कुछ को हटा भी सकता है. जिन उम्मीदवारों ने परीक्षा-पूर्व प्रशिक्षण का विकल्प मांगा है, वे प्रशिक्षण के लिए कॉल लेटर को पंजीयन नंबर और पास वर्ड/जन्म दिनांक की प्रविष्टि करके बैंक की वेबसाइट से दिनांक 26.05.2015 से डाउनलोड करें. कॉल लेटर की हार्ड प्रति डाक द्वारा नहीं भेजी जाएगी.

9 **अवसरों की संख्या :**

| श्रेणी | अवसरों की संख्या |
|---|---|
| सामान्य | 4 |
| सामान्य (पीडब्ल्यूडी) | 7 |
| अपिव | 7 |
| अपिव (पीडब्ल्यूडी) | 7 |
| अजा/अजजा (पीडब्ल्यूडी)/अजा/अजजा (पीडब्ल्यूडी) | कोई प्रतिबंध नहीं |

जो उम्मीदवार अनुमत अवसरों की अधिकतम संख्या तक परीक्षा में बैठ चुके हैं, वे आवेदन करने के लिए पात्र नहीं है. अवसरों की संख्या दि. 18.04.2010 को हुई परीक्षा से गिनी जाएगी.

10. **आवेदन कैसे करें :**

**ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए दिशानिर्देश :**

उम्मीदवारों को बैंक की वेबसाइट **www.statebankofindia.com** या **www.sbi.co.in** के माध्यम से अपना पंजीकरण स्वयं ऑनलाइन करना होगा. पंजीकरण के बाद उम्मीदवार को आवश्यक आवेदन शुल्क ऑनलाइन तरीके से डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग से भरना होगा.

**ऑनलाइन आवेदन के लिए जरूरी बाते:**

उम्मीदवार के पास अपना वैध ई-मेल आईडी होनी चाहिए, जो अंतिम परिणाम आने तक सक्रिय रखी जानी चाहिए. उसके जरिए कॉल लेटर/साक्षात्कार के लिए सूचना आदि ई-मेल से उनको मिलने में सहायता होगी.

**शुल्क (फीस) का भुगतान (केवल ऑनलाइन)**

i) फोटोग्राफ और हस्ताक्षर स्कैन करने के लिए दिए गये दिशा-निर्देशों के अनुसार उम्मीदवार पहले अपना फोटोग्राफ और हस्ताक्षर स्कैन करें.

ii) उम्मीदवार बैंक की वेबसाइट **www.statebankofindia.com** या **www.sbi.co.in** देखें और करियर विथ अस लिंक पर उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन-प्रारूप को खोलें.

iii) आवेदन-पत्र सावधानी से भरें. आवेदन पत्र पूर्णतः भरने के बाद उम्मीदवार डाटा प्रस्तुत करें. प्रथम कोशिश में यदि उम्मीदवार डाटा पूर्णतः नही भर सकते हैं. तो पहले ही प्रविष्ट डाटा को सेव कर सकते हैं. जब डाटा सेव हो जाता है तब अनन्तिम पंजीयन संख्या और पासवर्ड प्रणाली द्वारा तैयार होगा और वह स्क्रीन पर दिखाई देगा. उम्मीदवार पंजीकरण संख्या और पासवर्ड लिख लें. पंजीकरण संख्या ओर पासवर्ड की मदद से वे सेव किया हुआ डाटा फिर से खोलें और यदि जरूरी हो, तो विवरण को एडिट करें. यह सुविधा केवल तीन बार उपलब्ध होगी. आवेदन-पत्र पूर्णतः भरने के बाद उम्मीदवार डाटा प्रस्तुत करें. इसके बाद कोई बदलाव/संशोधन की अनुमति नही है. इस स्तर पर पंजीकरण अनन्तिम है.

iv) आवेदन-पत्र में भरे विवरण सही हैं, यह सुनिश्चित करने के बाद आवेदन को स्क्रीन पर उपलब्ध निर्देशों के अनुसार आवेदन-पत्र के साथ समन्वित पेमेंट गेट वे के माध्यम से भुगतान करना होगा.

v) भुगतान डेबिट कार्ड (रुपे/विसा/मास्टर कार्ड/मीस्ट्रो) क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, आइएमपीएस, कैश कार्ड्स/मोबाइल वैलेट्स् स्क्रीन पर पूछी गई जानकारी प्रस्तुत करने के बाद किया जा सकता है. ऑन लाइन भुगतान के लिए यदि कोई लेनदेन शुल्क हो तो वह उम्मीदवार को अदा करना होगा.

vi) सफलतापूर्वक भुगतान पूर्ण होने पर, ई-रसीद एवं आवेदन पत्र तैयार होगा, जिसका प्रिंटआउट आवेदक अपने रेकार्ड हेतु ले लें. **आवेदन का प्रिंटआउट बैंक को न भेजें.**

vii) यदि ऑन लाइन लेनदेन सफलतापूर्वक पूर्ण नहीं होता है, तो कृपया पुनः पंजीकरण करें. आवेदक ऑनलाइन लिंक पर जाएं और अपना आवेदन विवरण पुनः भरकर ऑनलाइन भुगतान करें.

viii) ई-रसीद एवं फीस विवरण सहित आवेदन पत्र फिर से प्रिन्ट करने की सुविधा बाद में उपलब्ध होगी.

11. **फोटोग्राफ और हस्ताक्षर के स्कैनिंग के लिए दिशा-निर्देश :**

ऑनलाइन आवेदन करने के पहले उम्मीदवार को निम्न निर्देशित विशेष विवरण के अनुसार अपने फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर की स्कैन्ड (डिजिटल) प्रतिमा अनुलग्नक -1 के अनुसार बनानी होगी. विशेष विवरण के अनुसार फोटो और हस्ताक्षर अपलोड किए बगैर ऑनलाइन आवेदन का पंजीयन नहीं होगा.

**टिप्पणी :**

क) यदि फोटोग्राफ में चेहरा या हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं है, तो उम्मीदवार का आवेदन अस्वीकार हो सकता है.

ख) यदि फोटोग्राफ या हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं है, तो उम्मीदवार अपना आवेदन एडिट करें और फोटो और हस्ताक्षर पुनश्च अपलोड करें.

12. **लिखित परीक्षा के लिए कॉल लेटर्स**

उम्मीदवार दि. 09.06.2015 से बैंक की वेबसाइट पर जाकर अपना पंजीयन नंबर एवं पास वर्ड/जन्म दिनांक की प्रविष्टि करके कॉल लेटर और 'एक्वेंट योरसेल्फ' पुस्तिका डाउनलोड करें, **कॉल लेटर/एक्वेंट योरसेल्फ पुस्तिका डाक से नहीं भेजी जाएगी.**

13. **पहचान-पत्र की पुष्टि परीक्षा के समय प्रस्तुत करनी होगी.**

उम्मीदवार एक पहचान-पत्र जैसे कि पासपोर्ट/आधार/पैन कार्ड/ड्राइविंग लाइसेन्स/मतदाता पत्र/बैंक पासबुक और फोटोग्राफ/पहचान-पत्र जो महाविद्यालय या विश्वविद्यालय ने जारी किया है/कर्मचारी आई डी/राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी मूल लेटरहेड पर दिया है और स्वयंसाक्षांकित फोटो प्रतिलिपि प्रस्तुत करना चाहिए. **पहचान-पत्र की फोटो कॉपी कॉल लेटर के साथ परीक्षा हॉल में पर्यवेक्षक को देनी होगी, ऐसा न करने पर उम्मीदवार की पहचान पर संदेह होने पर उस उम्मीदवार को परीक्षा में बैठने की अनुमती नहीं दी जाएगी.**

14. **कदाचार के दोषी पाए गए उम्मीदवारों के विरुद्ध कार्रवाई**

(क) उम्मीदवारों को यह चेतावनी दी जाती है कि ऐसा कोई विवरण न दें/संलग्न न करें जो असत्य, जाली/बनावटी हो या आवेदनपत्र भरते समय किसी भी महत्वपूर्ण सूचना को न छिपाएँ.

(ख) यदि लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के समय कोई उम्मीदवार निम्नलिखित बातों का दोषी पाया जाता है :

(i) परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग करना या (ii) छद्म व्यक्ति बनकर छद्म व्यक्ति द्वारा परीक्षा देना या (iii) परीक्षा हॉल में दुर्व्यहार करना या प्रश्नपत्र (अथवा उसका कोई भाग)/उत्तर पुस्तिका को परीक्षा हॉल से बाहर ले जाने या (iv) उम्मीदवार के रूप में अपने चयन हेतु किसी अनियमित या अनुचित साधन का आश्रय लेना या (v) अपनी उम्मीदवारी के संबंध में किसी भी अनुचित साधन की सहायता लेना, तो ऐसे उम्मीदवार के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही तो होगी ही, साथ ही:

अ) जिस परीक्षा में भाग ले रहे होंगे, उसमें उसे **अयोग्य** घोषित किया जाएगा.

ब) भारतीय स्टेट बैंक द्वारा संचालित भर्ती के लिए किसी भी परीक्षा से स्थायी रूप से या किसी निश्चित अवधि के लिए **वंचित** कर दिया जाएगा.

**(ग) बैंक उम्मीदवार के जवाबों का परीक्षा में शामिल अन्य उम्मीदवारों के जवाबों के साथ समानता ढूँढने के लिए विश्लेषण करता है. इस विश्लेषण के आधार पर यदि यह पाया गया कि जवाब एक जैसे हैं, और प्राप्त अंक यथार्थ/वैध नहीं है, तो बैंक के पास उम्मीदवारी रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है.**

**(घ) उम्मीदवारों को मोबाइल फोन, पेजर, कैलक्यूलेटर या ऐसे उपकरण का उपयोग करने की अनुमति नहीं है.**

i) जहां परीक्षा आयोजित की गयी है, उस परिसर में मोबाइल फोन, पेजर्स या कोई भी संचार उपकरण लाने की अनुमति नहीं है. इन सूचनाओं का पालन न करनेवाले उम्मीदवारों की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और भविष्यकालीन परीक्षाओं में शामिल होने की अनुमति न मिलने के साथ उन पर अनुशासनिक कार्रवाई भी की जाएगी.

ii) उम्मीदवारों को उनके हित में यह सूचना दी जाती है कि वे मोबाइल फोन/पेजर्स जैसी निषिद्ध वस्तुएं परीक्षा परिसर में न लाएं क्योंकि इन चीजों के सुरक्षित रखरखाव का आश्वासन नहीं दिया जा सकता.

iii) उम्मीदवारों को परीक्षा परिसर में कैलक्यूलेटर लाने या उसका उपयोग करने की अनुमति नहीं है.

15. **सामान्य सूचना :**

(i) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने पर प्रणाली द्वारा निर्मित अपने ऑन लाइन आवेदन-पत्र का प्रिंट आउट ले.

(ii) आवेदन-पत्र का ऑन लाइन पंजीकरण और फीस भुगतान दि. 13.04.2015 से 02.05.2015 तक उपलब्ध होगा

(iii) उम्मीदवार ने जिस पद के लिए आवेदन किया है, उस पद के लिए अपनी पात्रता के बारे में संतुष्टि करें ऐसे सभी उम्मीदवारों को ऑन लाइन आवेदन में प्रस्तुत जानकारी और आवश्यक फीस का भुगतान करने पर परीक्षा में शामिल होने की बैंक अनुमति देगा और साक्षात्कार के समय पात्रता को निर्धारित करेगा.

(अगले पृष्ठ पर जारी...)

(पिछले पृष्ठ से जारी...)

(iv) **उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से काफी पहले ऑन लाइन आवेदन करें और फीस का भुगतान करें ताकि इंटरनेट पर अतिभार से या वेबसाइट बंद होने से डिस्कनेक्शन/असहायता/वेबसाइट पर लॉग ऑन के लिए असमर्थता आदि न हो.**

(v) **ऊपरनिर्दिष्ट कारणों से या एसबीआई के नियंत्रण के बाहर के कारणों से अंतिम तिथि के पहले आवेदन प्रस्तुत करने में असमर्थता होने वाले उम्मीदवारों की जिम्मेदारी भारतीय स्टेट बैंक की नहीं होगी.**

(vi) **उम्मीदवार एक से अधिक आवेदन प्रस्तुत न करें. यदि उम्मीदवार एक से अधिक आवेदन करता है, तो केवल अंतिम वैध (पूर्ण) आवेदन मान्य होगा और आवेदन शुल्क/सुचना प्रभार जो अन्य आवेदनपत्रों के लिए भरा है उसे जब्त किया जाएगा. उम्मीदवार की परीक्षा मे /या समुह चर्चा और साक्षात्कार के लिए अनेक बार उपस्थिति /प्रकटन मान्य नही होगा और उसकी उम्मीदवारी रद्द की जाएगी.**

(vii) **परीक्षा के आयोजन के समय कुछ समस्याओं के उत्पन्न होने की संभावना से पूरी तरह इनकार नहीं किया जा सकता है, जिसका प्रभाव परीक्षा के आयोजन तथा/अथवा परिणामों पर भी पड़ सकता है. ऐसी स्थिति में, ऐसी समस्या को दूर करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा और ऐसे प्रयास में यदि आवश्यक हुआ तो दूसरी परीक्षा का आयोजन करना शामिल है.**

(viii) जो उम्मीदवार सरकारी/अर्ध-सरकारी कार्यालय, राष्ट्रीयकृत बैंकों और वित्तीय संस्थानों सहित सभी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत हैं, उनको सूचना दी जाती है कि वे अपने नियोक्ता से `अनुमति पत्र` लेकर साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करें जिसके बिना उनकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है और यात्रा किराया, यदि कोई हो, तो उसका भुगतान नहीं किया जाएगा.

(ix) नियुक्ति स्वीकारने के समय, उम्मीदवार को अपने पूर्व नियोक्ता से उचित कार्य-मुक्त प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा.

(x) अ.जा/अ.ज.जा उम्मीदवारों को यदि साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, तो भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप पर प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी जाति-प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा.

(xi) अ.पि.व. श्रेणी में आरक्षण चाहने वाले उम्मीदवारों को निर्धारित प्रारूप में वचनपत्र देना होगा कि वह दिनांक 02.05.2015 को क्रीमी लेयर में समाविष्ट नहीं था. दि.01.04.2015 से साक्षात्कार की अवधि के दौरान जारी 'नॉन क्रीमी लेयर' उल्लिखित अपिव प्रमाणपत्र वाले उम्मीदवारों को यदि साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, तो उन्हें वह प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए.

(xii) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती हैं कि वे अपनी ई-मेल आईडी कॉल लेटर/साक्षात्कार निर्देश आदि पाने के लिए एक्टिव रखें.

(xiii) चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति बैंक द्वारा नियुक्त/अनुमोदित चिकित्सा अधिकारी (अधिकारियों) द्वारा चिकित्सा की दृष्टि से स्वस्थ घोषित किए जाने के अध्यधीन होगी.

(xiv) भर्ती के किसी भी चरण में ज्ञात होता है कि उम्मीदवार ने पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता और/या उसने किसी भी गलत/झूठी जानकारी दी है या किसी सामग्री तथ्य(थ्यों) को दबाया है, ऐसे मामले में उसकी उम्मीदवारिता रद्द कर दी जाएगी. अगर इनमें से कोई कमी है/नियुक्ति के बाद भी पता चलता है, तो उसकी सेवा को समाप्त कर दिया जाएगा.

(xv) इस विज्ञापन से उत्पन्न मामले का दावा या विवाद कोई कानूनी कार्यवाही और/या उसके बारे में आवेदन केवल मुंबई में प्रारंभ किया जा सकता है और मुंबई स्थित न्यायालय/प्राधिकरण/मंच को ही कारण/विवाद पर मुकदमा चलाने का एकमात्र तथा अनन्य अधिकार है.

16. **परीक्षा केंद्र (अनन्तिम सूची)**

प्रारंभिक परीक्षा निम्न केंद्रों पर संचालित होगी और उस स्थान का पता कॉल लेटर में दिया जाएगा. कोई भी परीक्षा केंद्र को रद्द करने और/या अन्य केंद्र को शामिल करने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित है, जो प्रतिक्रिया, प्रशासकीय क्षमता आदि पर निर्भर है. उम्मीदवार को उसके द्वारा दिए गए विकल्प के अलावा किसी भी केंद्र पर भेजने का अधिकार भी बैंक के पास सुरक्षित है.

परीक्षा केंद्र (अनन्तिम सूची)

| राज्य कोड | राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश | केंद्र |
|---|---|---|
| 11 | **अण्डमान और निकोबार** | पोर्ट ब्लेयर |
| 12 | **आंध्र प्रदेश** | चिराला, चित्तूर, गुंटुर, हैदराबाद, काकीनाडा, कुर्नुल, नेल्लोर, ओंगोले, पुत्तुर, राजमुंद्री, श्रीकाकुलम, तिरूपति, विजयवाडा, विशाखापट्नम, विजियानगरम् |
| 13 | **अरुणाचल प्रदेश** | इटानगर, नाहरियागुन |
| 14 | **असम** | डिबरूगढ़, गुवाहाटी, जोराहट, कोकराझार, सिलचर, तेजपुर |
| 15 | **बिहार** | आरा, औरंगाबाद, बिहारशरीफ, भागलपुर, दरभंगा, गया, हाजीपुर, मुज़फ्फरपुर, पटना, पुर्णिया, समस्तीपुर, सिवान |
| 16 | **चंडीगढ़** | चंडीगढ़ |
| 17 | **छत्तीसगढ़** | भिलाई, बिलासपुर, रायपुर |
| 18 | **गोवा** | पणजी, वेरना |
| 19 | **गुजरात** | अहमदाबाद, आणंद, गांधीनगर, हिम्मतनगर, जामनगर, मेहसाणा, राजकोट, सुरत, वडोदरा |
| 20 | **हरियाणा** | अंबाला, बहादुरगढ़, हिस्सार, करनाल, कुरुक्षेत्र, पालवल, पानीपत, रोहतक, सोनिपत, यमुनानगर |
| 21 | **हिमाचल प्रदेश** | बड्डी, बिलासपुर, धरमशाला, हमीरपुर, कांगड़ा, कुलू, मंडी, सिरमौर, शिमला, सोलन, ऊना |
| 22 | **जम्मू और कश्मीर** | अनंतनाग, जम्मू, काथ, सांबा, श्रीनगर |
| 23 | **झारखंड** | बोकारो, धनबाद, हजारीबाग, जमशेदपुर, रांची |
| 24 | **कर्नाटक** | बेलगाम, बेंगलुरु, बिदर, गुलबर्गा, हुबली, मंगलोर, मैसूर, शिमोगा, उडिपी |
| 25 | **केरल** | अलप्पुझा, कन्नुर, कोचि, कोल्लाम, कोट्टायम, कोझिकोडे, मलप्पुरम, पालक्कड, त्रिचुर, तिरुवनंतपुरम |
| 26 | **लक्षद्वीप** | कवराती |
| 27 | **मध्य प्रदेश** | भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, सतना, सागर, उज्जैन |
| 28 | **महाराष्ट्र** | अमरावती, औरंगाबाद, चंद्रपुर, धुळे, जळगांव, कोल्हापुर, लातुर, मुंबई/ठाणे /नवी मुंबई, नागपुर, नांदेड, नासिक, पुणे, रत्नागिरी, सांगली, सातारा |
| 29 | **मणिपुर** | इम्फाल |
| 30 | **मेघालय** | री-भोई, शिलांग |
| 31 | **मिज़ोरम** | आइजवाल |
| 32 | **नागालैंड** | कोहिमा |
| 33 | **दिल्ली – एनसीआर** | दिल्ली, फरिदाबाद, गाजियाबाद, ग्रेटर नोएडा, गुडगांव |
| 34 | **ओडिसा** | अंगुल, बालासोर, बारगढ़, बारीपदा, बरहमपुर (गंजम), भुवनेश्वर, कटक, धेनकनाल, झारसुगडा, राऊरकेला, संबलपुर |
| 35 | **पुडुचेरी** | पुडुचेरी |
| 36 | **पंजाब** | अमृतसर, भटिण्डा, फतेगढ़साहिब, जालंधर, लुधियाना, मोहाली, पठाणकोट, पटियाला, फगवारा, संगरुर |
| 37 | **राजस्थान** | अजमेर, अलवर, भीलवाड़ा, बीकानेर, जयपुर, जोधपुर, कोटा, सीकर, उदयपुर |
| 38 | **सिक्किम** | गंगटोक |
| 39 | **तमिलनाडु** | चेन्नई, कोयम्बतूर, डिंडिगुल, कृष्णगिरी, मदुराई, नागरकोईल, नमक्कल, पेराम्बुलुर, सालेम, तंजावुर, तिरुचिरापल्ली, थुथूकोडी तिरुनेलवेल्ली, वेल्लोर |
| 40 | **तेलंगाना** | हैदराबाद, करीमनगर, खम्माम, वारंगल |
| 41 | **त्रिपुरा** | अगरतला |
| 42 | **उत्तर प्रदेश** | आगरा, अलीगढ़, इलाहाबाद, बरेली, बुलंदशहर, गोरखपुर, झाँसी, कानपुर, लखनऊ, मथुरा, मेरठ, मुरादाबाद, मुझफ्फरनगर, उन्नाव, वाराणसी |
| 43 | **उत्तराखंड** | देहरादून, हल्दवानी, हरिद्वार, रुड़की |
| 44 | **पश्चिम बंगाल** | आसनसोल, बऱ्हमपुर (पश्चिम बंगाल), बर्धमान, दमकल, दुर्गापुर हुगली, हावड़ा, कल्याणी, कोलकाता, सिलीगुडी |

**किसी भी प्रकार की सिफारिश अपात्रता मानी जाएगी.**

**मुंबई**
**दिनांक : 13.04.2015**

**महाप्रबंधक**

**यह विज्ञापन बैंक की वेबसाइट : http://www.statebankofindia.com या http://www.sbi.co.in पर भी उपलब्ध है.**
**प्रिंटिंग त्रुटि, यदि कोई हो, के लिए बैंक जिम्मेदार नहीं है.**

**ANNEXURE I**

**(i) फोटोग्राफ प्रतिमा**

- फोटोग्राफ अद्यतन, पासपोर्ट साइज और रंगीन होना चाहिए
- प्रतिमा (पिक्चर) रंगीन होनी चाहिए और वह सफेद या फीकी पार्श्वभूमि पर होनी चाहिए.
- स्वस्थ चित्त होकर कॅमेरा की ओर सीधे देखें.
- यदि प्रतिमा सूर्यप्रकाश में ली जाएं तो सूरज आपके पीछे हो या आप छाया में खड़े हो जिससे आपकी प्रतिमा साफ आएं.
- अगर आप को फ्लैश का उपयोग करना पड़े तो 'रेड आई' न हो.
- अगर आप ऐनक का उपयोग करते हैं, तो आपकी आँखे साफ नजर आने के लिए ऐनक पर प्रतिबिंब न हो.
- टोपियाँ, हैट और काला चष्मा स्वीकार नहीं है. धार्मिक परंपरा के अनुसार पगड़ी स्वीकार्य है, पर उससे आपका चेहरा ढकना नहीं चाहिए.
- आयाम 200 X 230 पिक्सैन (अधिमानित)
- फाइल का साइज 20 केबी-50 केबी के दरम्यान हो.
- सुनिश्चित करें कि स्कैन प्रतिमा की साइज 50 केबी से अधिक न हो. उसके बाद स्कैनर का सेटिंग समायोजित इस तरह करें कि डीपीआई रिजोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि स्कैनिंग ठीक हो.

**(ii) हस्ताक्षर प्रतिमाः**

- उम्मीदवार सफेद कागज पर काले स्याही के पेन से हस्ताक्षर करें.
- हस्ताक्षर केवल उम्मीदवार का हो, और अन्य किसी व्यक्ति के किए हुए हस्ताक्षर से न मिले.
- परीक्षा के समय यदि उत्तर पुस्तिका (स्क्रिप्ट) पर किए हुए उम्मीदवार के हस्ताक्षर उपस्थिति पत्रक के हस्ताक्षर से नहीं मिलते हों, तो आवेदक को अपात्र समझा जाएगा.
- आयाम 140 X 60 पिक्सेल (अधिमानित)
- फाइल की साइज 10 केबी-20 केबी हो
- सुनिश्चित करें कि स्कैन्ड प्रतिमा साइज 20 केबी से अधिक न हो.

**फोटोग्राफ और हस्ताक्षर स्कैनिंग**

- स्कैन का रिजोल्यूशन न्यूनतम 200 डीपीआई (डॉटस् प्रति इंच) सेट करें.
- असली कलर सेटिंग करें.
- फाइल साइज (जैसा ऊपर विनिर्दिष्ट किया गया है)
- फोटोग्राफ/हस्ताक्षर प्रतिमा स्कैनर पर रखें, तत्पश्चात अपलोड एडिटर की मदद से प्रतिमा को अंतिम साइज में लाएं (जैसा ऊपर विनिर्दिष्ट किया गया है)
- प्रतिमा की फाइल जेपीजी या जेपीईजी फारमैट में हो. उदाहरण के लिए फाइल का नाम image01.jpg or image01.jpeg. प्रतिमा के आयाम की जांच फोल्डर फाइल का लिस्टिंग करके या माऊस को फाइल इमेज आईकॉन की ओर घुमाकर की जा सकती है.

एमएस विन्डोज/एमएस ऑफिस इस्तेमाल करने वाले उम्मीदवार फोटोग्राफ और हस्ताक्षर जेपीईजी फारमैट में जो क्रमशः 50 केबी और 20 केबी से अधिक न हो, एमएस पेन्ट या एमएस ऑफिस पिक्चर मैनेजर की मदद से आसानी से कर सकते हैं. किसी भी फारमैट में उपलब्ध स्कैन्ड फोटो और हस्ताक्षर जेपीईजी फारमैट में सेव अॅज विकल्प चुनकर फाइल मेनू में सेव किया जा सकता है और फोटो का साइज 50 केबी से कम और हस्ताक्षर का साइज 20 केबी से कम साइज में लाया जा सकता है. इसके लिए क्रॉप का और रिसाइज विकल्प 'इमेज मेन्यू' में करें ( पिक्सैल साइज के लिए कृपया उपर्युक्त बिंदु 1.और 2. देखें) इसी तरह का विकल्प अन्य फोटो एडिटर में भी उपलब्ध है.

**यदि फाइल साइज एवं फारमैट निर्धारित मानदंड के अनुसार नहीं है, तो एरर (त्रुटि) संदेश नजर आएगा.**

ऑनलाइन आवेदन करने के लिए उम्मीदवार को उसका फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए लिंक का उपलब्ध कराया जाएगा.

**फोटोग्राफ और हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए कार्य प्रणालीः**

i) फोटोग्राफ और हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए दो अलग-अलग लिंक होंगे.
ii) संबंधित लिंक पर 'अपलोड फोटोग्राफ/हस्ताक्षर' क्लिक करें.
iii) स्कैन्ड फोटो/हस्ताक्षर फाइल जहाँ पर 'सेव' की गई हो, वह स्थान ढूँढ़कर सिलेक्ट करें.
iv) क्लिक से फाइल सिलेक्ट करें.
v) 'अपलोड' बटन पर क्लिक करें